लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 7 मार्च 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा:

"मैं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्वसंध्या पर देश-विदेश में सभी माताओं, बहनो और बेटियों को अपनी तरफ से शुभकामनाएं देता हूँ। सामाजिक परिवर्तन को सुनिश्चित करने की महिलाओं की सहज और स्वाभाविक क्षमता होती है क्योंकि वे धैर्य, दृढ़ता और कुशाग्रता की साक्षात प्रतिमूर्ति होती हैं। उनकी शक्ति, उनकी दृढ़ता और श्रमसाध्य कार्यों को भी ध्यानपूर्वक करने की उनकी क्षमता में निहित है। भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही महिलाएं उत्तरोत्तर सावर्जनिक जीवन में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। अर्थव्यवस्था हो अथवा राजनीति, प्रशासन या अन्य कोई क्षेत्र, हमारी बहनो और बेटियों ने निर्णय लेने की प्रक्रिया और अन्य भूमिकाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। निःसंदेह, हमने महिला सशक्तिकरण में बड़ी सफलता पाई है। तथापि, इस दिशा में अभी बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है कि हम सभी 'आधी आबादी ' को उसका हक़ दिलाने के संघर्ष में ईमानदारी से प्रयास करेंगे जिससे समानता से संबंधित हमारे संवैधानिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर मैं समाज के विभिन्न वर्गों का आह्वान करना चाहूंगा कि वे महिलाओं, विशेषतः

गर्भवती महिलाओं के सुपोषण हेतु प्रयास करें जिससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में नागरिक समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। मेरा विश्वास है कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की समान सहभागिता हमारी राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को सशक्त सम्बल देगी और भारत को विश्व पटल पर उसका उचित स्थान दिलाएगी।"

LOK SABHA SPEAKER CONVEYS GREETINGS ON THE EVE OF INTERNATIONAL WOMEN'S DAY

New Delhi, 7 March 2020: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla has extended greetings and best wishes on the eve of International Women's Day. In his message, Shri Birla said:

"I convey greetings to all mothers, sisters and daughters in India and abroad on the eve of International Women's Day. Women have an innate ability to bring in social change as they embody patience, perseverance and brilliance in their personality and all that they do. Their strength lies in diligence and ability to perform strenuous tasks meticulously. Be it science, economy, politics, administration or any other field, they have contributed significantly in research, policy and decision making. Though a lot has been achieved towards holistic development and empowerment of women, yet much needs to be done. I am sure that this Women's Day, we would give impetus to our sincere efforts towards recognizing the contribution of 'half of our population' so that our constitutionally mandated goal for equality is realized. On this occasion, I call upon various sections of society to make sincere efforts for the well-being of women, especially pregnant women, by ensuring their proactive participation in the Government's ambitious schemes. Moreover, I believe that equal participation of women in various fields would boost and accelerate the pace of national development and give India its rightful place in the comity of nations."